वर्ष - 01 | अंक - 83 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - मंगलवार, 09 सितम्बर 2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4


# भीलवाड़ा फोकस


भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

RNI No. : RJHIN/25/A0890




# आकोला में 9 साल बाद बनास नदी का उफान, पुल पर बही धारा





**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला**

**जसवंत पारिक** । क्षेत्र में हो रही लगातार बारिश और मातृकुंडिया बांध से पानी छोड़े जाने के बाद सोमवार को मेवाड़ की गंगा कहलाने वाली बनास नदी उफान पर आ गई। 9 वर्ष बाद नदी का पानी आकोला कस्बे के पास पुलिया पर बहा, जिसे देखने के लिए आकोला सहित आसपास के गांवों से सैकड़ों ग्रामीण उमड़ पड़े। पुल पर पानी का तेज बहाव होने से पुलिया की सुरक्षा दीवार का एक हिस्सा भी टूट गया। प्रशासन ने स्थिति को देखते हुए पुल पर आवागमन बंद करवा दिया।

## ग्रामीणों की आस्था उमड़ी

नदी के उफान को देखने पहुंचे ग्रामीणों ने इसे धार्मिक आस्था से जोड़ा। आकोला गांव की महिलाओं और ग्रामीणों ने नदी की पूजा-अर्चना कर चुनरी ओढ़ाई और इसे शुभ संकेत बताया। ग्रामीणों ने कहा कि वर्षों बाद नदी का ऐसा रूप देखने को मिला है।

## नौ साल बाद देखा गया नजारा

गौरतलब है कि वर्ष 2016 में आखिरी बार बनास नदी का पानी पुलिया तक पहुंचा था। उसके बाद 9 सालों तक नदी में इस तरह का उफान देखने को नहीं मिला। इस बार बांध से लगातार छोड़े जा रहे पानी और क्षेत्र में हुई झमाझम बारिश के चलते नदी का जलस्तर बढ़ा और पुलिया पर पानी आ गया।

## पुलिया की सुरक्षा दीवार का हिस्सा टूटा, प्रशासन सतर्क

पुलिया की सुरक्षा दीवार का हिस्सा टूटने की जानकारी मिलते ही बड़लियास थाना जाब्ता और सवाईपुर चौकी पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। पुल पर दोनों ओर से अवरोधक लगाकर वाहनों व पैदल आवाजाही पूरी तरह रोक दी गई।

## नदी देखने पंहुची ग्रामीणों की भीड़

बनास के इस नजारे को देखने आकोला के साथ-साथ खजीना, होलिरड़ा, चांदगढ़, अडसीपुरा, भाकलिया, जीवा का खेड़ा, गेगा का खेड़ा सहित कई गांवों के लोग नदी किनारे पहुंचे और जल प्रवाह का नजारा देखा।

# जलिंद्री स्टेशन पर वंदे भारत एक्सप्रेस 40 मिनट थमी, बोगियों के बीच फंसे बैल की मौत




**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

देश की हाईस्पीड सेमी-हाईटेक ट्रेन वंदे भारत एक्सप्रेस सोमवार रात अचानक जलिंद्री रेलवे स्टेशन पर रुक गई। सामान्यत- इस स्टेशन पर ट्रेन का कोई स्टॉप नहीं होता, लेकिन रात 8-10 बजे के करीब यह ट्रेन करीब 40 मिनट तक यहां खड़ी रही। वजह थी - ट्रेन की पांचवीं और छठी बोगी के बीच फंसा एक बैल। जलिंद्री पूर्व सरपंच विजय तिवाड़ी ने बताया कि कोटा से उदयपुर जा रही वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन नंबर 1क्र 235682 की रफ्तार धीमी होने के बावजूद बैल अचानक ट्रैक पर आ गया और बोगियों के बीच फंस गया। ग्रामीणों और रेलवे कर्मचारियों ने काफी प्रयासों के बाद उसे बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। यात्रियों में कुछ समय के लिए दहशत का माहौल रहा। घटना के बाद जब ट्रैक साफ हुआ तो ट्रेन आगे के लिए रवाना हो सकी। गौरतलब है की वंदे भारत ट्रेन अपनी हाईस्पीड और अत्याधुनिक सुविधाओं के लिए जानी जाती है। यह ट्रेन 160 किमी प्रतिघंटा तक की गति पकड़ने में सक्षम है और आरामदायक यात्रा के कारण यात्रियों की पहली पसंद है।


' भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo.– 8696795959

Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ


# गुलाबपुरा में सात जुआरी गिरफ्तार , 24 हज़ार रुपये नकद और ताश की गड्डी बरामद



**भीलवाड़ा फोकस @ गुलाबपुरा**

अवैध जुआ-सट्टे के खिलाफ चल रहे अभियान के तहत थाना पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए सात जुआरियों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के पास से 24 हज़ार 35 रुपये नकद और 52 ताश के पत्ते भी बरामद किए। थाना अधिकारी हनुमान सिंह ने बताया की मुखबिर की सूचना पर सरेरी चौराहे के पास मयंक वाटर प्लांट में दबिश दी गई, जहां आरोपी जुआ खेलते हुए पकड़े गए।

गिरफ्तार आरोपियों में राजकमल जैन, राहुल शर्मा, मुनीर अहमद कुरैशी, रज्जाक मोहम्मद नीलगर, जितेन्द्र जीनगर, मुकेश रेगर और मोन्टू कुमार शामिल हैं। सभी आरोपी गुलाबपुरा व आसपास के क्षेत्र के निवासी हैं। पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर मामला दर्ज कर किया है ।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से पत्रकार की मौत, साथी घायल

**भीलवाड़ा फोकस @ रायला**

कालियास गांव में सोमवार रात दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। पेट्रोल पंप की ओर जा रहे बाइक सवारों को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में पत्रकार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार कालियास निवासी पत्रकार भैरू सिंह राठौड़ (50) अपने साथी हनुमान सिंह के साथ बाइक पर कालियास के पास स्थित पेट्रोल पंप की ओर जा रहे थे। इसी दौरान अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तुरंत रायला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने भैरू सिंह राठौड़ को मृत घोषित कर दिया। वहीं, गंभीर घायल हनुमान सिंह को प्राथमिक उपचार के बाद जिला




अस्पताल रेफर किया गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक का शव मोर्चरी में रखवाया । जहाँ मंगलवार को पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सुपुर्द किया जाएगा । पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# 10 साल से फरार स्थायी वारंटी आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

कोतवाली पुलिस की स्पेशल टीम ने लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी को आखिरकार गिरफ्तार कर लिया। आरोपी करीब 10 साल से पुलिस की आंखों में धूल झोंककर नाम बदलकर छिपा हुआ था। अदालत ने उसे स्थायी वारंटी घोषित कर रखा था।



पुलिस ने बताया कि अंबेडकर कॉलोनी निवासी राहुल पुत्र शंकर को टीम ने गिरफ्तार किया है। राहुल नाम छिपाकर लगातार पुलिस को गुमराह कर रहा था। लंबे समय से उसकी तलाश जारी थी।

गौरतलब है कि इससे पहले भी स्पेशल टीम ने 11 साल से फरार चल रहे पांच हजार रुपए के इनामी आरोपी को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचाया था। पुलिस अब गिरफ्तार आरोपी से आगे की पूछताछ कर रही है।

# सुभाषनगर में चोरी की कोशिश, तीन को पकड़ा, एक ने किया भागने का प्रयास तो रस्सी से बांधा

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

सुभाषनगर थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह जांगिड़ छात्रावास के पास स्थित एक ऑटोमोबाइल गैराज में चोरी की वारदात को अंजाम देने पहुंचे तीन युवकों को लोगों ने पकड़ लिया। मौके पर मौजूद भीड़ ने तीनों की जमकर धुनाई कर दी और पुलिस के हवाले कर दिया। एक युवक भागने की कोशिश करने लगा तो स्थानीय लोगों ने उसे रस्सी से बांध दिया।







जानकारी के अनुसार, सुभाषनगर क्षेत्र के कुंवाड़ा खान और अहिंसा सर्कल के आसपास पिछले कुछ दिनों से ऑटोमोबाइल गैराजों में चोरी की घटनाएं हो रही थीं। इसी वजह से संचालक लगातार निगरानी रख रहे थे। सोमवार सुबह जब एक संचालक अपने गैराज पर पहुंचा तो वहां तीन युवक लोहे के उपकरण और सरिया चोरी का प्रयास करते दिखाई दिए। संचालक ने तुरंत आसपास के लोगों को बुलाया और युवकों को दबोच लिया। इस दौरान एक युवक ने मौके से भागने की कोशिश की, लेकिन लोगों ने उसे रस्सियों से बांधकर काबू कर लिया। इस दौरान पकड़े गए युवकों की पिटाई करने के बाद उन्हें पुलिस के हवाले कर दिया गया। बताया जा रहा है कि युवक नशे के आदी हैं। पुलिस ने मामले की जांच में जुटी है

# नॉनवेज होटल पर खाने को लेकर विवाद, चाकूबाजी में युवक लहूलुहान

**भीलवाड़ा फोकस @ रायला**

थाना क्षेत्र के लाम्बिया कला चौराहे पर नॉनवेज होटल पर खाना खाने की बात को लेकर रविवार देर रात हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। मामूली कहासुनी के बीच हुई चाकूबाजी में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई।



जानकारी के अनुसार खेचाता, जिला भरतपुर निवासी स्वेदीन होटल पर खाना खाने पहुंचा था। इसी दौरान किसी बात को लेकर उसका अन्य युवकों से विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि आरोपियों ने चाकू से स्वेदीन पर हमला कर दिया। युवक के कमर और हाथ में गहरे घाव हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत उसे रायला सामुदायिक चिकित्सालय पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया।

घटना की सूचना पर रायला थानाधिकारी बच्छराज चौधरी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि आरोपियों की पहचान कर उनकी तलाश शुरू कर दी गई है। जल्द ही हमलावर पुलिस की गिरफ्त में होंगे। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सवाईपुर में खाद्य सुरक्षा विभाग की बड़ी कार्रवाई, मिलावट की आशंका पर लिए सैंपल

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

जिले में चल रहे शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने सोमवार को सवाईपुर क्षेत्र में छापामार कार्रवाई की। इस दौरान कई खाद्य निर्माण इकाइयों का निरीक्षण कर संदिग्ध खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए गए। नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है।





सीएमएचओ डॉ. संजीव कुमार शर्मा ने बताया कि अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा अधिकारी अशोक कुमार यादव ने विभिन्न स्थानों पर छापे मारे। निरीक्षण के दौरान कोटा रोड सवाईपुर स्थित कृष्णा डेयरी से मावा और पनीर, चावंडिया चौराहा बन का खेड़ा स्थित दीपक ऑयल मिल से मूंगफली तेल तथा सवाईपुर स्थित सांवरिया ट्रेडिंग कंपनी से मसूर दाल और मिर्च पाउडर के नमूने लिए गए।

शर्मा ने कहा कि सभी नमूनो को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद दोषी पाए जाने पर संबंधित प्रतिष्ठानों के खिलाफ अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# 4 साल से फरार 5 हजार का इनामी अपराधी गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

डीएसटी भीलवाड़ा टीम ने चार साल से फरार चल रहे 5 हजार रुपये के इनामी वांछित अपराधी को पकड़ने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान भंवरलाल उर्फ उदा जाट (39) पुत्र उदयलाल, निवासी बड़ी का खेड़ा, थाना मांडल के रूप में हुई है।आरोपी के विरुद्ध प्रतापनगर थाना क्षेत्र में 2015 के चोरी के प्रकरण में न्यायालय से स्थाई गिरफ्तारी वारंट जारी था। जिसमे आरोपी फरार चल रहा था। डीएसटी टीम को सूचना मिली थी कि आरोपी ट्रक चालक बनकर रेलमगरा इलाके में छिपा हुआ है। इस पर टीम ने रेलमगरा, चितौड़गढ़, पारसोली और काटूंदा मोड़ पर दबिश देते हुए पीछा कर आरोपी को लाडपुरा से डिटेन किया। बाद में उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।



# बनास नदी में मिली 8 दिन पहले त्रिवेणी में जलसमाधि का वीडियो बनाने वाले युवक की लाश

**भीलवाड़ा फोकस @ काछोला**

**( विक्रम सिंह )** । थाना क्षेत्र के ककरोलिया घाटी गाँव के श्मशान घाट के पास सोमवार को बनास नदी में एक युवक का सड़ा-गला शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। खेतों में काम कर रहे किसानों ने शव देखा और तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई।





काछोला थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को बाहर निकलवाया। मृतक की पहचान जेब में मिले आधार कार्ड से दुर्गेश कुमार बैरागी पुत्र रामचंद्र दास, निवासी गादी खंडा, भीलवाड़ा के रूप में हुई।

जांच में सामने आया कि दुर्गेश ने करीब 8 दिन पहले त्रिवेणी के मंदिर और छत वाले पुल के पास खड़े होकर एक वीडियो बनाया था। वीडियो में उसने कहा था कि यहां से मैं जलसमाधि ले रहा हूँ। इसके बाद उसने वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया था। तभी से वह लापता था। सोमवार को उसकी लाश नदी में तैरती हुई मिली। शव काफी हद तक गल चुका था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवाया है और जांच शुरू की है।

# जहाजपुर-कोटड़ी क्षेत्र में नई सड़कों के निर्माण से विकास को मिलेगी गति

**भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़**

जहाजपुर-कोटड़ी विधानसभा क्षेत्र में विकास की नई राहें खुल गई हैं। विधायक गोपीचंद मीणा के प्रयास और सरकार के सहयोग से बजट वर्ष 2025-26 में क्षेत्र की 18 से अधिक सड़कों के निर्माण और मरम्मत को मंजूरी दी गई है। इन परियोजनाओं पर करोड़ों रुपये खर्च किए जाएंगे, जिससे क्षेत्र की कनेक्टिविटी बेहतर होगी और यातायात की समस्या कम होगी। सबसे बड़ी परियोजना जालमपुरा चौराहा से रावतखेड़ा होते हुए नेशनल हाइवे-148ष्ठ तक रिंग रोड का निर्माण है, जिसकी लागत ?18 करोड़ निर्धारित की गई है। इसके अलावा भवानीपुर बस स्टैंड से भीलों का झोपड़ा, तेजाजी चौक से श्मशान घाट, केसरपुरा से छितर जी के मकान तक, छाबड़िया आबादी क्षेत्र संपर्क सड़क और अन्य प्रमुख मार्गों का निर्माण और मरम्मत कार्य शामिल हैं।



विधायक गोपीचंद मीणा ने कहा कि वर्षों से चली आ रही जनता की मांगों को प्राथमिकता के आधार पर सरकार तक पहुंचाया गया और अब इन स्वीकृतियों से क्षेत्र में विकास की नई दिशा मिलेगी। ग्रामीणों ने इस पहल पर संतोष व्यक्त किया और कहा कि नई सड़कों से परिवहन, शिक्षा और व्यापार सभी क्षेत्रों में लाभ होगा।



## QUICK BITES

## चांद जी की खेड़ी में 69वीं जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ

भीलवाड़ा फोकस @ सलावटिया



( विकास जैन) । राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय, चांद जी की खेड़ी में सोमवार को 14 वर्षीय छात्र-छात्रा वर्ग की 69वीं जिला स्तरीय कबड्डी खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक प्रतिनिधि जगदीश चन्द्र खंडेलवाल के मुख्य आतिथ्य एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र बंजारा की अध्यक्षता में किया गया । खंडेलवाल ने खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ बेहतर प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दीं। वहीं अध्यक्ष बंजारा ने कहा कि कबड्डी भारत का परम्परागत खेल है, जिससे नई प्रतिभाएं गांव और स्कूलों से निकलकर देश का नाम रोशन कर सकती हैं। उन्होंने शिक्षकों से आग्रह किया कि विद्यार्थियों को उनकी रुचि के अनुसार खेलों में नियमित अभ्यास कराएं। प्रतियोगिता में छात्र वर्ग के 14 स्कूलों के 168 खिलाड़ी और छात्रा वर्ग के 35 स्कूलों की 420 छात्राएं भाग ले रही हैं। कुल मिलाकर 588 खिलाड़ी इस प्रतियोगिता का हिस्सा बने हैं। आयोजन के लिए शारीरिक शिक्षक युवराज कीर को मुख्य तकनीकी सलाहकार नियुक्त किया गया है। वहीं जिला व ब्लॉक कार्यालय से 44 निर्णायक और रिकॉर्ड संधारण के लिए 16 शिक्षक प्रतिनियुक्त किए गए हैं।

उद्घाटन अवसर पर पंचायत समिति सदस्य हितेंद्र सिंह राजोरा, अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कन्हैयालाल शर्मा, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मालीराम यादव ने भी संबोधित किया। यादव ने अतिथियों के साथ उद्घाटन मैच का अवलोकन किया, जो कोटड़ी व शाहपुरा ब्लॉक के बीच खेला गया। कार्यक्रम में पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी डॉ. फहीम अहमद, प्रधानाध्यापक गोपाल लाल धकड़ोलिया सहित सरपंच मोहनलाल धाकड़ और स्थानीय भामाशाहों ने सहयोग किया ।

इस अवसर पर भाजपा नेता जगदीश पुरी, मंडल उपाध्यक्ष दयाशंकर जोशी, मंडल मंत्री मिठू सिंह, पार्वती साल्वी, प्रकाश शर्मा, विनोद शर्मा, बूथ अध्यक्ष धनराज धाकड़, अनिल धाकड़, परमेश्वर कंजर, राजू सिंह, गोपाल सुथार, प्रदीप धाकड़, रोहित धाकड़, रामफूल धाकड़ सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## कोचिंग सेंटर के बाहर बिजली मीटर में लगी आग, छात्रों में मची अफरा-तफरी

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा




सुभाष नगर थाना क्षेत्र में विजय सिंह पथिक नगर स्थित फर्स्ट रैंक कोचिंग क्लासेस के बाहर सोमवार शाम करीब 5 बजे बिजली मीटर में अचानक आग लग गई। आग लगते ही धुआं अंदर तक पहुंच गया, जिससे पढ़ाई कर रहे छात्रों में अफरा-तफरी मच गई।

जानकारी के अनुसार मीटर में तकनीकी खराबी आ गई थी। मरम्मत के दौरान अचानक शॉर्ट सर्किट हुआ और मीटर ने आग पकड़ ली। थोड़ी ही देर में धुआं फैलने लगा, जिसके चलते छात्रों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। टेक्नीशियन ने फायर सेफ्टी उपकरण की मदद से आग पर काबू पा लिया। सूचना पर दमकल वाहन भी मौके पर पहुंचा, लेकिन तब तक स्थिति नियंत्रित हो चुकी थी। गनीमत रही कि हादसे में कोई छात्र हताहत नहीं हुआ।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ
एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!
"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।
क्या आपके पास है –
- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?
तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।
संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# भारतीय किसान संघ का कलेक्टर कार्यालय पर प्रदर्शन, फसल बीमा और सिंचाई मुद्दों पर जताई चिंता






भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

भारतीय किसान संघ की ग्राम स्तरीय समिति ने सोमवार को जिला कलेक्टर कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन करते हुए किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष भेरूलाल आचार्य, जिला मंत्री लादू लाल जाट, राजस्थान प्रदेश अफीम आयाम प्रमुख बद्रीलाल जाट और चित्तौड़ प्रांत विधि प्रमुख भागूलाल गुर्जर सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

किसानो द्वारा ज्ञापन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय कृषि मंत्री, एवं राजस्थान के मुख्यमंत्री के नाम दिया गया। इसमें किसानों ने कृषि सिंचाई, बिजली आपूर्ति, फसल बीमा, सहकारिता, आपदा अनुदान, समर्थन मूल्य, विपणन, राजस्व व उपनिवेशन से जुड़ी समस्याओं के त्वरित समाधान की मांग की। इसके अलावा ग्रामीण सड़क मार्गों को अतिक्रमण मुक्त कर ग्रेवल और डामर युक्त करने, चारागाह भूमि का संरक्षण, स्वच्छ जल आपूर्ति, खरीफ फसल खराब होने पर पटवारी द्वारा गिरदावरी, फसल बीमा के व्यक्तिगत क्लेम की व्यवस्था, बनास नदी में फैक्ट्री प्रदूषण पर कार्रवाई, जंगली सुअर और रोजड़े से फसल सुरक्षा, ग्राम पंचायत में श्मशान भूमि आवंटन तथा सहकारी समितियों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने जैसी मांगें रखी गई ।

इस दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए , जिन्होंने समस्याओं के त्वरित समाधान की मांग की।

# युवा अर्जुन की अनोखी मिसाल, 24 घंटे की प्रक्रिया पूरी कर मरीज को दी नई जिंदगी

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया



मानवता का असली अर्थ तब समझ आता है जब कोई निस्वार्थ भाव से किसी अनजान की जान बचाने के लिए आगे बढ़े। उपखंड क्षेत्र के लक्ष्मीखेड़ा निवासी युवा अर्जुन कुमार धाकड़ ने ऐसा ही उदाहरण पेश किया। उन्होंने अपने गांव से करीब 300 किलोमीटर दूर जयपुर पहुंचकर फ्रेश सेल्स डोनेट कर एक मरीज को नई जिंदगी दी।

जानकारी के अनुसार जहाजपुर निवासी सुरजनाथ को एबी प्लस ब्लड ग्रुप के फ्रेश सेल्स की आवश्यकता थी। जिनका उपचार जयपुर स्थित एमएसजी हॉस्पिटल में चल रहा था। डॉक्टरों ने मरीज के लिए तत्काल सेल्स की जरूरत बताई, जिसे निकालने की प्रक्रिया लगभग 24 घंटे लंबी और जटिल होती है। अर्जुन धाकड़ ने बिना थके धैर्यपूर्वक पूरी प्रक्रिया पूरी की और मरीज की जान बचाने में अहम भूमिका निभाई।

मरीज के परिजनों ने भावुक होकर अर्जुन का आभार जताते हुए कहा कि ऐसे युवा आज के समय में बहुत दुर्लभ हैं, जो समय पर मदद करके जीवनदान देते हैं।

अर्जुन धाकड़ अब तक 20 बार ब्लड डोनेट कर चुके हैं, जिनमें 19 बार ब्लड और एक बार सेल्स डोनेशन शामिल है। धाकड़ का कहना है कि उन्हें भीलवाड़ा के पूर्व जिला प्रमुख इंजी. कन्हैयालाल धाकड़ और माण्डलगढ़ के पूर्व विधायक स्व. विवेक धाकड़ से प्रेरणा मिलती रही है। इसी कारण ऊपरमाल क्षेत्र के युवा कहीं भी ब्लड डोनेट करने से पीछे नहीं हटते और हर समय मदद के लिए तैयार रहते हैं।

# आसींद में अधूरा हाईवे, नाराज लोगों ने लगाया जाम

भीलवाड़ा फोकस @ आसींद



कस्बे से गुजर रहे नेशनल हाईवे-158 का निर्माण पिछले कई सालों से अटका पड़ा है। करीब 700 मीटर लंबे हिस्से पर काम रुका होने से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। इसी को लेकर सोमवार को आक्रोशित नागरिकों ने हाईवे जाम कर दिया, जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि अधूरे काम के चलते आए दिन हादसे हो रहे हैं। रविवार रात एक ट्रेलर अनियंत्रित होकर घर में घुस गया। बारिश के मौसम में हालात और बिगड़ जाते हैं तथा घंटों जाम की स्थिति बन जाती है। ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार ज्ञापन देने और विधायक जब्बर सिंह सांखला, उपमुख्यमंत्री तक समस्या पहुंचाने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। हालांकि प्रशासन की समझाइश और तीन दिन में कार्रवाई के आश्वासन के बाद जाम खुलवाया गया ।

# गिवअप अभियान में भीलवाड़ा अव्वल

## जिले में 1.42 लाख अपात्रों ने छोड़ी खाद्य सुरक्षा, 1.98 लाख नए जुड़े

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

खाद्य सुरक्षा के गिवअप अभियान में जिले ने पूरे राजस्थान में प्रथम स्थान हासिल किया है। जिले में 1 लाख 42 हजार 394 सक्षम लाभार्थियों ने स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा छोड़ी, जिससे 1 लाख 98 हजार 742 नए पात्र लोग एनएफएसए से जुड़ पाए।

राज्य स्तर पर अब तक करीब 31.70 लाख अपात्रों ने योजना छोड़ी है और इसके चलते लगभग 60 लाख नए पात्र लाभार्थी जोड़े गए हैं। अभियान से 568 करोड़ रुपये की राजकोषीय बचत हुई, जो गरीबों के कल्याण पर खर्च की जा रही है।

खाद्य मंत्री ने कहा कि गिवअप अभियान सामाजिक न्याय का प्रतीक बनकर सामने आया है, जिसमें सक्षम लोगों का त्याग गरीबों का निवाला बन रहा है। अभियान की अवधि 31 अक्टूबर 2025 तक बढ़ाई गई है। मंत्री ने कहा है कि जो अपात्र लाभार्थी 31 अक्टूबर तक गिवअप नहीं करेंगे, उनसे 1 नवंबर से 30.57 रुपये प्रति किलो गेहूं की दर से वसूली की जाएगी।

वही अब पात्र लोग ई-मित्र के साथ विभागीय पोर्टल पर भी ऑनलाइन आवेदन कर नाम जोड़वा सकते हैं। जांच के लिए शहरी और ग्रामीण स्तर पर दल गठित किए गए हैं।


प्रतीकात्मक इमेज

# 56 यूनिट रक्त संग्रह - युवाओं ने दिखाया उत्साह

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



कोली समाज विकास एवं शोध-साहित्य समिति, के तत्वाधान में 7 कोली समाज पंचायती नोहरा में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। समाज के युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए कुल 56 यूनिट रक्तदान किया।

इस दौरान रक्तदान करने वाले प्रमुख सदस्यों में - रवि कुमार, फतेहलाल, पुषालाल, ईश्वर, अंकित, राजेश, कैलाश, योगेश, बंटी, नरेन्द्र, राकेश कसौडिया, दिनेश, रोशन, रतन, अमृतलाल, मुकेश, गणपत, सुन्दर, मोहन, किशन, प्रवीण, चेतन, सीताराम, महेश, पुष्पेन्द्र, रमेश, लोकेश, नंदलाल, लीलापथ, गोपाल, दीपक, घनश्याम, ललित, पंकज, युवराज, शैलेन्द्र (टीटू), राहुल, डेविड, गोविंदा आदि शामिल रहे।

इस अवसर पर समिति अध्यक्ष रवि कुमार कोली तथा महासचिव एडवोकेट पूषालाल कोली ने सभी रक्तवीरों का आभार जताते हुए कहा - रक्तदान जीवनदान है। यह पुनीत कार्य समाज और मानवता के लिए प्रेरणास्रोत है।

शिविर में सहयोग सेवार्थ फाउंडेशन के रक्तवीर गोपाल विजयवर्गीय तथा मुख्य अतिथि मंजू पोखरना, अतुल शुक्ला, पूर्व पार्षद द्वारका प्रसाद कोली एवं उस्ताद बालूराम आमेरिया, गणेश जी बछापरिया, सोहन जी जागेरिया, सुरेश कोली उपस्थित रहे।

# ककरोलिया घाटी में मोबाइल नेटवर्क ठप, ग्रामीणों को भारी परेशानी

**भीलवाड़ा फोकस @ काछोला**

क्षेत्र की ककरोलिया घाटी में लंबे समय से मोबाइल नेटवर्क की समस्या बनी हुई है, जिससे ग्रामीणों का जनजीवन प्रभावित हो रहा है। डिजिटल युग में नेटवर्क न होने से ग्रामीण अपने आवश्यक राजकीय व निजी कार्य पूरे नहीं कर पा रहे।

ग्रामीणों ने बताया कि आधार, ई-मित्र, बैंकिंग, पेंशन, स्कॉलरशिप, मनरेगा सहित कई योजनाओं से जुड़े कार्य अधूरे रह जाते हैं। अंतिम तिथि निकल जाने से लोगों को नुकसान झेलना पड़ता है।

फसल गिरदावरी कार्य नेटवर्क अभाव में प्रभावित है। डेटा अपलोड न होने से किसानों को भविष्य में मुआवजा व बीमा राशि मिलने में दिक्कत आ सकती है। वहीं छात्रों ने बताया कि ऑनलाइन शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और आवेदन प्रक्रियाएँ बाधित हो रही हैं।

ग्रामीणों ने कई बार टेलीकॉम कंपनियों व प्रशासन को समस्या से अवगत कराया, लेकिन अब तक समाधान नहीं हुआ। ग्रामीणों ने




चेतावनी दी है कि शीघ्र नेटवर्क बहाल नहीं हुआ तो वे आंदोलन का सहारा लेंगे।

# शाहपुरा में आयोजित 69वीं जिला स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता का उद्घाटन

## विधायक डॉ. बैरवा ने किया झंडारोहण, पालिकाध्यक्ष सोनी ने दिलायी शपथ

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**





**(पेसवानी)।** नगर के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, वार्ड नंबर 6 के तत्वावधान में सोमवार को 69वीं जिला स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि विधायक डॉ. लालाराम बैरवा ने झंडारोहण कर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। समारोह की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष रघुनंदन सोनी ने की। इस दौरान सोनी ने सभी प्रतिभागियों को शपथ दिलाई। प्रतियोगिता का समापन 10 सितम्बर को होगा।

इस प्रतियोगिता में कुल 132 छात्र-छात्राएं 14 वर्ष आयु वर्ग में भाग ले रहे हैं। मुख्य अतिथि डॉ. बैरवा ने कहा कि शाहपुरा खेलों के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बना चुका है। खेल केवल प्रतिस्पर्धा का माध्यम नहीं, बल्कि अनुशासन, संयम और टीम भावना को विकसित करने का साधन है। उन्होंने खिलाड़ियों से उत्कृष्ट प्रदर्शन कर शाहपुरा का नाम रोशन करने की अपील की।

पालिका अध्यक्ष सोनी ने कहा कि शाहपुरा तैराकी के क्षेत्र में जनक माना जाता है। नूर घाट से प्रारंभ हुई यह परंपरा आज नगर पालिका स्विमिंग पूल तक पहुंच चुकी है। उन्होंने बताया कि विधायक डॉ. बैरवा के प्रयासों से राज्य सरकार ने शाहपुरा में तैराकी अकादमी की स्थापना की है, जिससे खिलाड़ियों को बड़ा लाभ मिलेगा। पालिका खेल के विकास में हरसंभव सहयोग करेगी।

अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी डॉ. सत्यनारायण कुमावत ने प्रेरक कहानी के माध्यम से खिलाड़ियों को लक्ष्य निर्धारित कर खेलने का संदेश दिया और टीम प्रभारियों से बच्चों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने की अपील की।

विभागीय प्रतिनिधि विपिन कुमावत ने प्रतियोगिता संचालन हेतु दिशा-निर्देश दिए। प्रधानाध्यापक सूर्यप्रकाश वैष्णव ने सभी का स्वागत किया, जबकि प्रतियोगिता प्रभारी बजरंग आचार्य ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

क्षेत्रीय पार्षद दुर्गालाल कहार ने अतिथियों का स्वागत करते हुए विद्यालय परिसर में हो रहे विकास कार्यों के लिए पालिका अध्यक्ष का आभार जताया।

साथ ही विधायक से विद्यालय में नया कक्षा कक्ष, कार्यालय कक्ष और डोम निर्माण की मांग का ज्ञापन सौंपा।

समारोह में भाजपा जिला मंत्री राजेंद्र बोहरा, नगर अध्यक्ष पंकज सुगंधी, चंद्रप्रकाश चौधरी, भेरूलाल कहार, पार्षद ललिता कहार सहित कई जनप्रतिनिधि और नागरिक मौजूद रहे।

# तीसरे दिन भी कोठारी और बनास नदी उफान पर, संपर्क मार्ग बंद - लोग जान जोखिम में डालकर कर रहे मछलियां शिकार





**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

**(सांवर वैष्णव)।** क्षेत्र से गुजर रही कोठारी नदी लगातार तीसरे दिन उफान पर रही। शुक्रवार रात से शुरू हुई मूसलाधार बारिश के बाद नदी में जलस्तर बढ़ने से 66 घंटे से यातायात बाधित है। वहीं बनास नदी भी तीसरे दिन उफान पर रही, जिससे दर्जनों गांवों का जिला मुख्यालय और उपखंड मुख्यालय से संपर्क कट गया। सवाईपुर-कोटड़ी मार्ग की पुलिया पर सोमवार शाम तक करीब डेढ़ फीट पानी बह रहा था। इसके बावजूद लोग जोखिम उठाकर पुलिया पार करते दिखे। दुपहिया वाहन चालक भी जान की परवाह किए बिना पुलिया से गुजर रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि कई लोग पुलिया पर तेज बहाव के बीच अपनी जान जोखिम में डालकर मछलियां पकड़ते नजर आए। इस दौरान हादसे का खतरा भी बना रहा।

ग्रामीण छोटू लाल प्रजापत ने बताया कि महेशपुरा-सोलंकिया का खेड़ा पुलिया पर भी पानी चलने से तीसरे दिन तक मार्ग बंद रहा। यहां सोमवार शाम तक ढाई फीट पानी बह रहा था।

सुरक्षा को देखते हुए सवाईपुर चौकी व बड़लियास थाना पुलिस ने पुलिया के दोनों छोर पर मिट्टी डालकर रास्ते को पूरी तरह बंद कर दिया। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे जोखिम उठाकर पुलिया पार करने की कोशिश न करें।

## QUICK BITES

# शताब्दी वर्ष पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का भव्य पथ संचलन, पुष्प वर्षा कर किया स्वागत

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलियां**



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष अवसर पर कस्बे में सोमवार को भव्य पथ संचलन निकाला गया। विंध्यवासिनी माता मंदिर से प्रारंभ हुए संचलन में घोष दल की धुन पर कदमताल करते स्वयंसेवकों का अनुशासित जत्था जब मुख्य मार्गों से गुजरा तो ÷भारत माता की जय÷ और वंदेमातरम के उद्घोष से पूरा कस्बा गूंज उठा।

संचलन के दौरान घोष में बज रहे प्रणव, शंख, आणक, ट्राएंगल और झांझ की मधुर ध्वनियों ने वातावरण को देशभक्ति से सराबोर कर दिया। स्वयंसेवक जब कस्बे के प्रमुख मार्गों और बाजार से गुजरे तो जगह-जगह कस्बेवासियों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

संचलन विंध्यवासिनी माताजी मंदिर पर पहुंचकर सम्पन्न हुआ। इसमें बाल स्वयंसेवकों से लेकर वयोवृद्ध स्वयंसेवकों तक ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# कोटड़ी से मध्यप्रदेश बुंदेलखंड के लिए 10 दिवसीय जैन यात्रा रवाना

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी ग्रामीण**



**दिनेश पारिक ।** दिगंबर जैन समाज द्वारा कोटड़ी से 10 दिवसीय मध्यप्रदेश बुंदेलखंड तीर्थ यात्रा का शुभारंभ हुआ। यात्रा से पूर्व श्री 1008 शीतलनाथ भगवान दिगंबर जैन मंदिर में दर्शन व पूजन कर यात्रा के लिए प्रस्थान किया गया।

यात्रा के दौरान जैन समाज के आचार्य श्री समय सागर जी के दर्शन करने के साथ ही बड़े बाबा कुंडलपुर तीर्थ क्षेत्र में पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की जाएगी। साथ ही पंजाब में आई बाढ़ से हुए जन-धन व पशुहानि को लेकर ईश्वर से राहत प्रदान करने की प्रार्थना भी की जाएगी।

यात्रा में अनिल जैन, जितेंद्र शेट्ठी, पंकज सेठी, नवनीत सेठी, अशोक सेठी, अशोक गोद, नितेश जैन, पायल जैन, रिंकू जैन, आरती जैन, खुशबू जैन, बिना सेठी, रिंकू सेठी, स्वाती सेठी सरोज सेठी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु रवाना हुए।

## क्षमावाणी पर्व पर उमड़ा भक्तिभाव

# मुनि अनुपम सागर बोले - सच्ची क्षमा मन की कड़वाहट मिटाने में है

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



श्री बाहुबली जैन वेलफेयर सोसाइटी की ओर से प्रेम चुनरिया मंडप में क्षमावाणी पर्व के अवसर पर कलशाभिषेक व सम्मान समारोह आयोजित हुआ। मुनि अनुपम सागर महाराज ने प्रवचन में कहा कि मुख में राम और बगल में छुरी होगी तो क्षमावाणी संभव नहीं है। सच्ची क्षमा वही है जब मन से कषाय-कलुषता मिटाकर मैत्री और करुणा भाव अपनाया जाए। उन्होंने कहा कि सबसे पहले माता-पिता और परिवार से क्षमा याचना करें तथा छोटी-छोटी बातों को मन में न रखें।

समारोह में 33 दश उपवास और 26 पांच उपवास करने वाले त्यागीवृतियों का माल्यार्पण कर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया। समाजसेवा में योगदान देने वाले राकेश पाटनी, सोहनलाल गंगवाल, प्रवीण चौधरी सहित कई गणमान्यजनों को शाल व पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर 'सुपाथ' पुस्तिका का विमोचन भी हुआ। कार्यक्रम में पाठशाला के बच्चों ने धार्मिक नृत्य प्रस्तुत किया, महिला मंडलों ने मंगलाचरण किया और पंडित आशुतोष जैन ने काव्यपाठ किया। अंत में सोसाइटी अध्यक्ष सुरेंद्र छाबड़ा ने सभी का आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन दीप्ति अजमेरा व पदमचंद काला ने किया।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कम्प्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।